# Form No. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– राजस्व अपील प्राधिकारी, सवाई माधोपुर मुकाम सवाई माधोपुर

लखन वगै0 बनाम अमृतलाल वगै0

अपील संख्या 60 / 2025 GCMS NO 2025/----85

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अइकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 3.6.25 | अपील श्री हंसराम गुर्जर अधिवक्ता ने पेश की । अपील बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट अधिवक्ता को स्थगन प्रार्थना पत्र पर एक पक्षीय सुना गया। अपीलाधीन आदेश का अवलोकन किया गया। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील अधिनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 19.5.25 को पारित अंतरिम आदेश के विरूद्व पेश की गई है। अपीलांट का कथन रहा कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट को बिना सुनवाई का अवसर प्रदान किये ही आलौच्य आदेश पारित किया है। जिसके कारण अपीलांट के हित प्रभावित हो रहे है तथा अपीलांट को अपीलाधीन आदेश से अपूर्णनीय क्षति है। क्योकि विवादित आराजीयता को अपीलांट द्वारा अपने बुजुर्गो के समय से ही करीब 58 वर्ष पूर्व खरीद किया गया है तभी से अपीलांट विवादित आराजीयात पर काबिज काश्त है। रेस्पो0 का विवादित आराजीयात पर पिछले लम्बे समय से कब्जा काश्त नही है। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित एक पक्षीय स्थगन आदेश को निरस्त फरमाया जावे।<br>अपीलांट अधिवक्ता की एक पक्षीय बहस पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। चूकि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश अंतरिम आदेश है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश अपीलांट को बिना सुने ही अपीलाधीन आदेश पारित किया है। अतः अपीलांट द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र अंतरिम रूप से स्वीकार किया जाता है। अतः आदेश है कि अधिनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी टोडाभीम के प्रकरण संख्या 35/25 उनवानी अमृतलाल बनाम लखन वगै0 मे पारित अंतरिम स्थगन आदेश दिनांक 19.5.25 को अपास्त किया जाता है तथा प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि प्रकरण मे अपीलांट से प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का जबाब प्राप्त किया जाकर प्रार्थना पत्र टी आई के तीनो बिन्दुओ का विवेचन कर उभय पक्षकारो को सुनवाई का समुचित अवसर दिया जाकर प्रकरण का विधि अनुसार अंतिम निस्तारण करे।<br>पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्ब[illegible]<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Laxmi Kant Balot<br>Date: 2025.10.10 13:54:34 IST<br>Reason: SelfAttested<br><br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>सवाई माधोपुर | |

Scanned with CamScanner